p>

Title: Request for stoppage of train no. 14043/14044 Garhwal-Delhi express at Kiratpur, Bijnaur, U.P.

"

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): सभापति महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद । मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना के अंतर्गत कीरतपुर, जिला बिजनौर में रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 14043/14044 गढ़वाल-दिल्ली एक्सप्रेस के ठहराव के संबंध में वहां की जनता लगभग 4 वर्षों से आंदोलनरत है । मुझे यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि उनकी वर्षों से चली आ रही मांगों को नजरअंदाज करके उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है । मैं चाहता हूं कि गढ़वाल-दिल्ली एक्सप्रेस का ठहराव कीरतपुर, बिजनौर रेलवे स्टेशन पर जनहित में कराया जाए । इससे न केवल वर्षों से चली आ रही जनता की मांग पूरी की जाएगी, बल्कि रेलवे के राजस्व में भारी वृद्धि होगी । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

HON. CHAIRPERSON : Shri Malook Nagar is permitted to associate with the issue raised by Shri Girish Chandra.